Dainik Jagran

Page.No. Gzb (02) Date.10 DEC 2018

# दंत चिकित्सा में तकनीक की भूमिका पर व्याख्यान

जासं,मुरादनगर : हाईवे स्थित आइटीएस डेंटल कॉलेज में रविवार को 'इंपोर्टेंस ऑफ आईटी इन टूडेज वर्ल्ड' विषय पर पौलेंड स्थित जन विज़ीकोस्की यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डा. जेडजिलिलो पोलकोस्की ने अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने दंत चिकित्सा में तकनीक की भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सा के क्षेत्र में विदेशों में नौकरी की अपार संभावनाएं हैं। आने वाले समय में इसका और अधिक महत्व होगा। इस दौरान छात्र छात्राओं ने उनसे प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने जवाब दिया और उनकी शंकाओं को दूर किया। इसके बाद उन्होंने आइटीएस डेंटल कॉलेज का दौरा किया।उन्होंने अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं तथा छात्रों को दी जा तकनीकी शिक्षा की सराहना की। संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने विदेशी मेहमान का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं को समय समय पर विदेशी तकनीक और वहां चिकित्सा पद्धति से रूबरू कराने के लिए ऐसे आयोजन कराए जाते रहते हैं।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page.No. **Gzb (04)** Date. **10 DEC 2018**

# जानकारी दी

**एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड :** आईटीएस सेंटर फॉर डेंटल स्टडीज एंड रिसर्च में रविवार को गेस्ट लेक्चर आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता विजिकोवस्की कॉलेज, पोलैंड के प्रो. डॉ.जेडजिजलो पोलकोस्की थे। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सा के क्षेत्र में भी आईटी की अहम भूमिका है। इसके माध्यम से दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीक ईजाद की जा सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को यूरोप में उपलब्ध दंत चिकित्सा की आधुनिक तकनीक के बारे में बताया। साथ ही उन्हें दंत चिकित्सा की उच्च शिक्षा प्राप्त करने से लेकर विदेश में जॉब करने तक के टिप्स दिए। उन्होंने कॉलेज का दौरा भी किया और कॉलेज की ओपीडी में उपलब्ध आधुनिकतम दंत उपकरणों के लिए कॉलेज प्रबंधन की सराहना की।